आकाशवाणी शिमला

05.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1800बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लड़कियों के प्रति समाज की मानसिकता बदल रही है जिसमें 73वें और 74वें संविधान संशोधन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होनें गर्भाधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के तहत आज शिमला में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से अब महिलाओं को विधानसभा व संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने हिमाचल में भ्रूण हत्या को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एस.आर.एस. डाटा 2018–20 के अनुसार हिमाचल लिंगानुपात में देश में तीसरे स्थान पर है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को मिलने वाली 35 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 2 लाख करने और 2 बेटियों के बाद 25 हजार रूपए की राशि को बढ़ाकर एक लाख रूपए करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पी.सी. एण्ड पी.एन.डी.टी. अधिनियम के तहत सोनोग्राफी मशीन का पंजीकरण कराने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रणाली का शुभारम्भ भी किया।

उन्होंने भ्रूण हत्या रोकने को लेकर बेहतर काम करने के लिए भरमौर, ननखड़ी और जंजैहली ब्लॉक को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भ्रूण जांच करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने पर बल देते हुए कहा कि समाज में आज लड़कियों के प्रति नजरिया बदल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लिंगानुपात में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शांडिल ने कहा कि बालिका प्रोत्साहन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने देश की सबसे अधिक उंचाई से गुजरने वाली दूसरी रैली ऑफ हिमालयाज़ को आज लाहौल स्पिति जिले के सिस्सु हैलीपैड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में हिमाचल सहित अन्य राज्यों व विदेशों से 51 बाईकर और 24 वाहन चालक हिस्सा ले रहे हैं। ये रैली आज सिस्सु से वाया कोकसर, ग्राम्फू, छतड़ू, बातल और कुंजुम दर्रा होकर काज़ा पहुंचेगी। दूसरे दिन ये रैली काज़ा, हिक्किम, लंगजा, डैमुल और दुनिया के सबसे उंचे गांव कौमिक पहुंचेगी और अंतिम दिन 7 अक्तूबर को ये रैली काजा से मनाली रवाना होगी। मुकेश अग्निहोत्री कि रैली के आयोजकों को दो लाख रूपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने गोंदला पंचायत के थोरंग, टिलिंग और फुक्तल गांव के लोगों के लिए 7 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सिंचाई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जनजातीय और दुर्गम इलाकों में विकास को लेकर वर्तमान सरकार गम्भीर है और कांग्रेस सरकार हमेशा पिछड़े, दलितों और जनजातीय लोगों के हितों को प्राथमिकता दे रही है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वे आज किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में जिला योजना विकास व 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना व

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी कई योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों संबंधित विभागों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना के तहत हुए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

अनिरूद्ध

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शिमला के समीप कुफरी में आयोजित 25वीं अखिल भारतीय कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। भारतीय राष्ट्रीय राईफल संघ व हिमाचल राज्य राईफल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ये प्रतियोगिता 14 अक्तूबर तक चलेगी। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह ने शिमला में इतनी बड़ी शूटिंग प्रतियोगिता करवाना दोनों संघों का सराहनीय प्रयास है जो प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है।

———————————————